दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-3, अंक-24
इन्दौर, मंगलवार
24 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी : मुख्यमंत्री

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर कहा है कि सागर में कैंसर अस्पताल एवं रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरु होगा।**

बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर शुरु होने जा रही केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वालीं विभूतियों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाखा बंजारा ने यहाँ झील का निर्माण कर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायी। उनके यह महान कार्य सदा स्मरणीय हैं। मैं उनकी इस महानता को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के शौर्य और बलिदान के लिए यह बुंदेलखंड की धरा जानी जाती है। अब बुंदेलखंड क्षेत्र का नया इतिहास लिखा जाएगा जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की नदी जोड़ने की परिकल्पना को साकार करने के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौरझामर नगर परिषद, बंडा बरा नगर पंचायत, नरयावली नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा भी की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार द्वारा सागर के विकास के लिए कायाकल्प के कई कार्य किए गए हैं जिसमें लाखा बंजारा झील का जीर्णोद्धार, पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी शामिल है। इससे सागर शहर का जल स्तर संतुलित बना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव और उनकी पूरी टीम ने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज यहां 100 करोड़ रूपये से भी ज्यादा की विकास योजनाओं का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो रहा हैं। इन सभी कार्यों से डॉ. यादव की सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में मध्य प्रदेश के उज्जवल भविष्य की मजबूत नीव स्थापित कर ली है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले अपने आगामी कार्यकाल में डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और तेजी से विकास करेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ तो मेरे मन में सागर में बिताए मेरे बचपन के दिन याद आ गए। यहां की अनेक स्मृतियां मेने मन में है, आज वे सारी यादें ताजा हो गई। उन्होंने कहा मैं अपने पैतृक स्थान पर आया हूं। सागर मेरे लिए केवल एक शहर नहीं बल्कि मेरे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा हैं। मेरे पिताजी यहाँ महार रेजीमेंट में पदस्थ थे और उस दौरान उनकी पोस्टिंग सागर में थी। इस भूमि से मेरा अटूट रिश्ता रहेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा आज पूरे देश में डबल इंजन की सरकार है, जो बहुत तेजी से विकास कर रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सागर के गौरव दिवस उपलक्ष्य पर यहां दो मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति सागर के गौरव को और बढ़ा रही है। इस भूमि के सच्चे सपूत डॉ. सर श्री हरिसिंह गौर का योगदान इस क्षण को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। यह उनके योगदान और गौरवशाली इतिहास को याद करने का पल है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा सागर की पहचान ÷लाखा बंजारा झील÷ का वर्तमान स्वरूप सागरवासियों का दिल हर्ष से भर देता है। पहले यह झील अपेक्षाकृत रूप से उपेक्षित थी, जिसे राज्य सरकार ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए झील का सौंदर्यीकरण और पुनरुद्धार कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सागर संभाग के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में कैंसर डिपार्टमेंट खोलने, महिला रोग चिकित्सकों की नियुक्ति और हेड इंजुरी के संबंध में न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट खोले जाने की मांगे रखी।



## संक्षिप्त समाचार

### रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में यूक्रेनी हमले में स्थानीय निवासी की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने रूस के ब्रांस्क क्षेत्र के क्लिमोव्स्की जिले पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप एक स्थानीय महिला की मौत हो गई। गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने रविवार को यह जानकारी दी।

### सुनीता अब मार्च या अप्रैल में करेंगी वापसी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर बुच महीनों से स्पेस में 'फंसे' हुए हैं। दोनों की धरती पर वापसी अब मार्च के आखिरी या फिर अप्रैल महीने से पहले नहीं हो सकेगी। वापसी का लगातार समय बढ़ता जा रहा है। अब सुनीता की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक बार फिर से उनके हेल्थ को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोग सुनीता की हेल्थ पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। लोग तस्वीर देख कर कह रहे हैं कि सुनीता की हालत ठीक नहीं है।

### फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का निधन

**मुंबई।** फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का सोमवार को सात बजे मुंबई के लीलावती अस्पताल में निधन हो गया। 14 दिसंबर को ही उन्होंने अपना 90वां जन्मदिन मनाया था।वो कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंकुर, निशांत, मंथन जुबैदा, वेलकम टू सज्जनपुर और भूमिका जैसी फिल्मों के लिये चर्चित बेनेगल पेरेलल सिनेमा के अग्रणी निर्देशकों में शुमार किये जाते हैं। श्याम को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था। श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए। इनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं।

### पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व IAS पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूजा पर UPSC एग्जाम में धोखाधड़ी और OBC और विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है। UPSC की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया था। पूजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। जस्टिस चंदर धारी सिंह की बेंच ने 27 नवंबर को मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापे से नेताओं-अधिकारियों का गठजोड़ उजागर

### दुबई शिफ्ट होने की थी तैयारी

**भोपाल। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके करीबी दोस्त चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर लोकायुक्त द्वारा मारे गए छापे से यह खुलासा हो गया है कि नेताओं-अधिकारियों के गठजोड़ ने मध्यप्रदेश में बीते कुछ सालों में अरबों का भ्रष्टाचार किया है।**



ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि सौरभ शर्मा की नियुक्ति से लेकर उसकी पूरी नौकरी और परिवहन चेक पोस्टों पर नियुक्तियां, उगाही से लेकर पैसों की बंदरबांट का पूरा जिम्मा यह बताता है कि प्रदेश में नेताओं और अधिकारियों के बीच किस कदर गठजोड़ काम कर रहा था। आयकर विभाग को मिली 54 किलो सोना और दस करोड़ रुपये से भरी इनोवा कार चेतन गौर की है और उसका सोना व नकदी सौरभ शर्मा की निकली। इस खुलासे के बाद आशंका जताई जा रही है कि सौरभ शर्मा के यहां लोकायुक्त छापे की कार्रवाई की सूचना लीक हो गई थी? यह इसलिए क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में सोना और नकदी सौरभ शर्मा और उसके करीबी दोस्त, पार्टनर चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर लोकायुक्त छापे से पहले ही इनोवा में भरकर घर से बाहर कर दी गई थी। जानकार सूत्रों का कहना है कि सौरभ शर्मा के खिलाफ जब से जांच शुरू हुई थी, तभी से वह चौकन्ना हो गया था। इतना ही नहीं गबन में फंसने की आशंका के चलते ही उसने नौकरी से वीआरएस लेकर बिल्डर बनना चुना था। कुछ महीनों से वह दुबई में निवेश करने और वहां परिवार सहित शिफ्ट होने की तैयारी में था, ताकि पूरी काली कमाई को देश से बाहर निवेश कर बचाया जा सके। शायद लोकायुक्त पुलिस को भी इसकी भनक लग गई थी कि सौरभ शर्मा को छापेमारी की तैयारी की भनक है। इसीलिए लोकायुक्त पुलिस ने आनन-फानन में प्रकरण दर्ज कर छापा मारा।

### डायरियों में दर्ज नाम आयकर और लोकयुक्त के रडार पर

लोकायुक्त के छापे में सौरभ शर्मा के यहां से लाल और नीली रंग की डायरियां मिली हैं। कहा जा रहा है कि इन डायरियों में नेताओं और परिवहन विभाग के अधिकारियों का कब कितना हिस्सा दिया गया और किन पार्टियों या नेताओं को कितना चंदा दिया गया, इसका पूरा हिसाब है। अब लोकयुक्त पुलिस डायरियों में दर्ज नेताओं व अधिकारियों से पूछताछ की हिम्मत नहीं जुटा पा रही, लेकिन अपने स्तर पर पूरी पड़ताल शुरू कर दी है। इधर, लोकायुक्त पुलिस ने आयकर विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि चूंकि लोकायुक्त छापे के बाद सौरभ शर्मा का 54 किलोग्राम सोना और करीब दस करोड़ रुपये भोपाल के बाहर भेजा जा रहा था। यानी हमारी कार्रवाई के बाद यह मूवमेंट हुआ, इसलिए आयकर विभाग से पहले उक्त जब्त रकम व सोने की जांच की जिम्मेदारी लोकायुक्त की है। हालांकि, अभी दोनों एजेंसियां उक्त सामान को लेकर आगे की जांच में जुटी हैं। कहा जा रहा है कि लोकायुक्त के रडार पर कई नेता व अधिकारी हैं।

## पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सौंपे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशभर में आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर सौंपे। यह रोजगार मेला पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का दूसरा आयोजन है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार ने करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी हैं। ऐसा पहले की सरकारों में नहीं हुआ। युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी और अब तक 14 मेले आयोजित हो चुके हैं। इन मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। पिछला मेला 29 अक्टूबर 2024 को हुआ था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा नियुक्तियां हुई थीं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने का संकल्प लिया। हर नीति और निर्णय के केंद्र में युवा शक्ति है। सरकारी नौकरियां अब पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है। पीएम ने भारत की अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों को लेकर कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। स्पेस और डिफेंस सेक्टर में नीतियां बदली गई और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया गया, जिससे युवाओं को नए अवसर मिले हैं।

उन्होंने कहा कि आज हजारों बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। गर्भवती महिलाओं के लिए 26 हफ्ते की छुट्टी, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन खाते और मुद्रा योजना जैसे कदमों ने महिलाओं को मजबूत किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का युवा अपने स्टार्टअप के लिए पूरा इकोसिस्टम तैयार पाता है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा देश है। स्पेस, डिफेंस, टूरिज्म और वेलनेस जैसे क्षेत्रों में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे देश के विकास में योगदान दें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# सर्दियाँ धूप सेंकने की



व्यंग्य

वक्रासन



सर्दियाँ आ रही हैं... आलसी-सी, उनींदी-सी... जैसे किसी ने अलसुबह गहरी नींद से जगा दिया हो, उठो चलो... लग जाओ काम पर। सर्दियों का काम ही तो है कि लोगों को काम पर ना लगने दे। सर्दियाँ काम करने के लिए नहीं, बल्कि धूप सेंकने के लिए होती हैं। ऑफिस में धूप तले बैठकर सिकी हुई मूँगफली निपटाने के लिए। फाइलें भी ठिठुरन में सिकुड़कर अलमारियों में गड्ड-मड्ड एक-दूसरे के ऊपर पड़ी रहती हैं, ठिठुरते हुए पिल्लों की तरह। इनका सर्दी से बचाव का यही तरीका है। ऑफिस में भी क्या करें... फाइलों को गर्मी देने के लिए पहले साहब की जेब को गर्मी देनी पड़ेगी। लोग अपनी-अपनी जेब में हाथ डाले बैठे हैं, नोटों की गर्मी से खुद ही हाथ सेंक रहे हैं। ऑफिस के कर्मचारी और क्लाइंट के बीच के रिश्तों की गर्माहट को भी ठंडी हवा लग जाती है... सर्दी की ठंडी हवा में जब हवा भी जम जाती है, तो रिश्तों की हवा क्यों नहीं जमेगी भला! सर्दियाँ और शादियाँ दोनों साथ-साथ आती हैं... तबाही भी कभी अकेले आती है भला। आप गरीबों की छोड़िए, सर्दियाँ तो अमीरों की महिलाओं पर भी कहर बनकर टूटती हैं। उनके स्लीवलेस और टॉपलेस फैशन का हाल ऐसा बेहाल करती हैं, जैसे %एंटी रोमियो% दल डंडा लेकर पीछे पड़ गया हो। नंग-धड़ंग संस्कृति को कुछ ढंकने का प्रयास करती ये सर्दियाँ, लेकिन इन फैशन वीरों के जज्बे को सलाम, जो ऐसी ठिठुरती सर्दी में भी अपने डीप-नेक और स्लीवलेस ब्लाउज़ संस्कृति को कहीं भी लोक-लाज की मोटी चादर से नहीं ढंकते।

सर्दी न जाने कितने ऐबों को ढक लेती है - मोटे पेट को, गंजे सिर को, और फटी एड़ियों को भी! सबके दोषों पर अपना रूमानी पर्दा डाल देती है। मोटे पेटों पर स्वेटर, कानों पर ऊनी टोपी, और फटी-पुरानी एड़ियों पर ऊनी जुराबों की आड़ आ जाती है। ठंड का ये जादू हर कमजोरी को गर्म कपड़ों में लपेट कर मानो खूबसूरत बना देता है। अब कुपोषित-सी कर देने वाले उबाऊ डाइटिंग प्लान को तिलांजलि... हाड़ तोड़ मेहनत से पसीना कर देने वाले मॉर्निंग वॉक को तिलांजलि... । सर्दी आ चुकी है अपने साथ कंबल, अलाव और मध्यमवर्गीय हसरतों का बस्ता लेकर। जहाँ अमीरों के लिए सर्दी एक अलसाए उनींदे से आराम का, गर्म सूटों की गर्माहट का और ऊनी कोटों के लबादों से ढंकने का मौसम है, वहीं गरीबों के लिए ये एक और बाधा दौड़... उसके हाँफते, बदहवास से ठिठुरते जीने की जिजीविषा की दौड़ के लिए... पेट में भूख के रूप में जलता अलाव ही शायद इस ठिठुरन भरी हाड़ कंपाने वाली सर्दी से बचाव कर सकती है। अब हम मिडिल क्लास वालों के लिए... अरे कहे की क्लास साहब... मिडिल क्लास की तो हर मौसम क्लास लेता है... यूँ समझिए... अब सर्दी की आहट के साथ ही बजट की चर्चा शुरू हो जाएगी... देश का नहीं, घर का बजट। हीटर खरीदना है, लेकिन बिजली का बिल बढ़ेगा। रजाई लानी है, लेकिन पिछली साल की ठीकठाक है, फिर खर्च क्यों बढ़ाया जाए? ठंड नहीं लगती तुम्हें? ऊनी कपड़े पहनो! ये सब दिखावा है, जरूरत से ज्यादा खर्च मत करो। पूरे महीने की बचत जब एक रजाई में समा सकती है, तो क्यों भला... अलग-अलग रजाई... शायद मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यही तर्क है, परिवार के सदस्यों के बीच दूरियाँ कम करने का। सर्दियों में दिन छोटे हो जाते हैं, रातें लंबी... नौकरीपेशा के लिए दिन जल्दी खत्म हो जाता है... बेरोजगारों को नौकरी की चिंता में लंबी रातें काटना मुश्किल हो रहा है... बेरोजगारी की धुंध रास्तों में खड़ी है... आगे की मंज़िल कहीं साफ नहीं दिखाई दे रही। गाँवों में सर्दी का अपना अलग ही तिलिस्म है। रातों में ठंड जैसे हड्डियों में घुस जाती है, पर फिर भी लोग सुबह जल्दी उठते हैं, उम्मीदों की अलाव जलाने के लिए। हर साल की तरह इस बार भी रोजगार के वादे ठंडे बस्ते में जा चुके हैं। गाँव का नौजवान शहर जाकर कुछ बनना चाहता है, पर सर्दी में रिश्तेदारों के घर रहना और बेरोजगारी का दंश दोनों ही उसे अहसास दिला देते हैं कि उसकी जगह तो वहीं है - गर्दिश की धूल और ठिठुरते रिश्तों की ठंड के बीच। सरकारी योजनाओं की गर्माहट उसके नसीब में नहीं, उन योजनाओं की गरमाई तो सरकारी कार्यालयों की ऊँची-ऊँची अलमारियों में फाइलों में दबी सिमटी पड़ी है। सर्दियों में ऑफिस की हालत और भी खस्ता। साहब गर्म कोट और ग्लव्स पहने, हीटर के सामने बैठे हैं और कर्मचारी ठंडे हाथों से फाइलों में हस्ताक्षर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। साहब हैं कि अपने ठंडे हाथों को रिश्वत की हीट से गर्म करवाने का इशारा कर रहे हैं... इशारों ही इशारों में सब समझ में आ रहा है... वैसे भी सर्दी में शब्द जम गए हैं... बोलने को कुछ रह भी नहीं गया... साहब की टेबल के पास रखे हीटर की गर्मी से बखूबी महसूस हो सकता है कि कड़क सर्दी भी पैसे की गर्माहट के सामने नतमस्तक हो जाती है। साहब के जूतों की महक भी इतनी गरम है कि किसी गरीब की उम्मीद की लौ बुझा दे। गाँव में लोग धूप के टुकड़ों पर चाय की चुस्कियों में खोए हुए हैं, उम्मीदों की आंच पर दिन बीत रहा है। परिवारों में रिश्ते भी सर्दियों की इस सिहरन से अछूते नहीं रहे। थकान और हताशा में दबे रिश्ते भी बस नाम के रह गए हैं, ठंडे पड़े हैं मानो... ऐसा लगता है जैसे सुस्त अर्थव्यवस्था ने सर्दियों के लिहाफ में हर उम्मीद को सुला दिया है। शहर में महंगाई से जूझता मजदूर और गाँव में पाला पड़ने से खराब हुई फसल में उलझा किसान, दोनों सर्दी के इस कहर में जिंदगी की तपिश ढूँढने में लगे हैं। सर्दी में भी रिश्तों की गर्माहट को नजरअंदाज करते हुए बस सब दौड़ रहे हैं, चाहे वह रिश्ते हों या आमदनी, सभी जम चुके हैं ठंडी परतों के नीचे। शादीशुदा जोड़े एक ही रजाई में होते हैं, पर रिश्तों में पड़ी बर्फ तोड़ने के लिए कोई पहल नहीं करता। बाहर की ठंड को भगाने में लगे रहते हैं, पर अंदर की ठंड में जीना सीख चुके हैं।

सर्दी में मीडिया का एक अलग ही मीना बाज़ार लगता है। न्यूज़ चैनल वाले पूरी तैयारी में हैं कि इस बार ठंड से कितने गरीब मरेंगे, क्या कोई नया रिकॉर्ड बनेगा? इसी बीच, कुछ संस्थाएँ कंबल इकट्ठा करके तैयार हैं, गरीबों को बांटने के लिए... बस थोड़ी सी ठिठुरन और बढ़ जाए... न्यूज़ चैनल वाले आ जाएँ... फोटो शूट के लिए कैमरा भी बुलवा लिए हैं। सर्दी तो दरअसल हमारी व्यवस्था का असली आइना है, जो हर साल हमारे समाज की ठंडी पड़ती इंसानियत को, ठिठुरते हुए रिश्तों को, और बेरोजगारी के थपेड़ों से जूझते नौजवानों को दिखा देती है। सर्दी में ठिठुरते गरीब, फाइलों में सिमटी सरकारी राहत योजनाएँ, हीटर के सामने बैठे साहब और सर्द रातों में जम चुकी संवेदनाएँ... यही सर्दियों का असली चित्र है, जो इस बार भी कंबल के नीचे दबी, रजाई में लिपटी और अलाव के सामने ठिठुरती दिखेगी।

सब कुछ तो जम गया है - नेताओं के आश्वासन, राहत बजट का आवंटन, गरीबों के सपने और उनकी आशाएँ भी ठंड में सिकुड़कर कहीं गरीब की गोदी में लिपट गई हैं।

सूरज भी अपनी गर्मी बचा रहा है, जो थोड़ी-बहुत धूप देनी है, वो अमीरों के आँगन में ही देगा, जहाँ उसका गर्मजोशी से स्वागत होगा। गरीब के घर की तो तासीर ही ऐसी है , कोई भी मौसम नहीं पचा पाता - गर्मी में तेज लू और अंधड़ के थपेड़े और बरसात में टपकती छान ।

**डॉ मुकेश असीमित**

# जब जागो तभी सवेरा



कहानी

बात उन दिनों की है जब रिया नौकरी करने बैंगलोर गई थी।उत्तर प्रदेश की एक शर्मीली और मासूम लड़की जिसने पहली बार अपना शहर छोड़ा और घर भी,घर क्या बोलूं वो तो मोहल्ला था जनाब जहाँ शायद हर रिश्तों का रूप दिख जाए। दादा-दादी,बूआ-फूफा,चाचा-चाची, उनके बच्चे और ना जाने कौन कौन।

चूंकि, नौकरी बैंगलोर में थी इसलिए उसे वहां हॉस्टल में रहना पड़ता था।

हॉस्टल में उसकी कई सहेलियां थी लेकिन इन सबमें शिल्पी उसे बहुत पसंद थी जो कि उसकी रूममेट भी थी।रिया के रूममेट में एक औरत भी हुआ करती थी,जिसका नाम सौम्या था।

बत्तीस साल की सौम्या एक विधवा थी जो किसी ÷प्राइवेट फर्म÷ में काम करती थी। सूरत-शक्ल से शांत और सुलझी महिला प्रतीत होती थी वो।

ये क्या है सौम्या दीदी, आप इतना काम क्यों करती हैं ,बारह-बारह घंटे की नौकरी आपसे कौन करवाता है, मैंने पूछा तो वो मुस्काने लगी और मेरी बातों को टाल दिया।

दरअसल सौम्या का ÷अफेयर÷ एक दस साल के बेटे के पिता सुलेख के साथ चल रहा था,चूंकि, सुलेख का उसकी पत्नी के साथ तलाक नहीं हुआ था तो सौम्या किसी को भी यह बात बताने में सहज नहीं महसूस करती।

कुछ दिन के बाद तो यह हॉस्टल में चर्चे का विषय बन गया,सुलेख छोड़ने जो आता था उसे कभी कभी।

प्यार करना कोई गुनाह नहीं है दीदी, लेकिन सुलेख भी आपसे सच्चा प्यार करता है,और उसकी पत्नी।उसका क्या?

अरे सुलेख की पत्नी, वो भी तलाक चाहती है सुलेख से,दीदी ने बताया। ये बातें रिया को ठीक नहीं लगी।उसने शिल्पी की मदद लेकर सौम्या के मोबाइल से सुलेख का नंबर चोरी किया और उसे धमकाया तो सुलेख डर गया और बताया कि वो सौम्या के पति का दोस्त था, अक्सर उनके घर जाता तो उसे सौम्या की सादगी आकर्षित करती।इसी वजह से उसका और सौम्या के पति का झगड़ा हुआ और गुस्से में ड्राइविंग करते वक्त सौम्या के पति का कार दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया और वो दुनिया से चल बसा,अपराध बोध सुलेख ने सौम्या को सहारा दिया,नौकरी दिलाई।लेकिन,सौम्या को पाने की चाहत उसमे अब भी थी।अंजान सौम्या उसके प्यार में पड़ गई और सुलेख भी अपने तलाक की झूठी कहानी गढ़के सौम्या से छल करने लगा।

अगर तुमने दीदी को सच नहीं बताया तो मैं तुम्हारी पत्नी और पुलिस दोनो को तुम्हारी सच्चाई बता दूंगी,फिर तुम्हारा बेटा भी तुमसे नफ़रत करेगा, रिया ने सुलेख को धमकी दी।

ना जाने यह हिम्मत रिया में कहां से आई थी।फिर क्या था,सुलेख ने सौम्या को सारी सच्चाई से रूबरू कराया और गुस्से से भड़की सौम्या ने सुलेख को जोड़ का थप्पड़ दिया और पछतावे में अपने पति की तस्वीर लेकर रोने लगी।मैंने कैसे, आपके हीं हत्यारे से प्यार कर लिया, मुझे माफ़ कर दीजिए, कहकर सौम्या बेहोश हो गई।

होश आने पर उसने रिया को धन्यवाद दिया,तो रिया ने बोला, धन्यवाद कैसा दीदी,अपने कभी एहसान नहीं करते,ये तो मेरा फ़र्ज़ था। भले ही आँखे देर से क्यों ना खुली हो लेकिन जब जागो तभी सवेरा होता है।

**स्वरचित और मौलिक**
**जागृति सिन्हा**
**नवी मुंबई महाराष्ट्र**

## ये ठूंस ठूंस कर खाने और खिलाने वाले ....



व्यंग्य

हे ईश्वर ! यह कैसा विधान है ! ठूंस ठूंस कर खाने वाले ठूंस ठूंस कर शकर के खाली बोरों में गड्डियां भरते रहे । उधर नियंता के हाथ से नीति फिसल गई और सिद्धांत उसके कहने में नहीं रहा। ज्ञानियों की तरह वे ज्ञाता दृष्टा भाव लिए व्यवस्था का जनाजा देखते रहे । करने को बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन शायद जेहन में यह बात रही हो कि इतना वक्त ही कहां है कि कुएं में घुली भांग का पानी ही निकाल दूं । कहीं मेरा पानी ही न उतर जाए, यह अंदेशा भी तो था । वैसे भी सत्ता सुख कहां स्थायी होता है सत्ता में रहते बर्र के छत्ते पर हाथ नहीं डाला जाता । क्यूंकि बर्र के बहुमत का सम्मान जो करना होता है ! अब तो बात खुल गई, इसलिए इसकी व्यापक रूप से जांच होगी । लेकिन यह जरूरी नहीं है कि जांच की आंच में कोई झुलस ही जाए । जब नीचे से ऊपर तक और ऊपर से नीचे तक सब के सब दोषी हो तो, हर किसी को संदेह का लाभ मिले बिना नहीं रहता । फिर भी तमाम औपचारिकताओं का पालन करना ही होगा, अन्यथा जनता क्या समझेगी कि व्यवस्था नाम की कोई चीज है भी या नहीं ! हमारे यहां व्यवस्था का हाथी भी दो तरह के दांत रखता है । इसके चाल बड़ी मदमस्त होती है । यह चलता तो दिखाई देता है लेकिन लंबी दूरी तय नहीं कर पाता । क्या कहें व्यवस्था की अवस्था ही कुछ ऐसी है । इस बीच बड़े मगरमच्छों का नाम उछल कर आया है । लेकिन वह बदनाम हो गए हो ऐसा नहीं कहा जा सकता । हां उन्हें, खाने-पीने वालों की नजरों में नादान जरूर समझा जा सकता है । चतुर सुजान कहते हैं की कमाना बड़ी बात नहीं है, अवेरना बड़ी बात है । अब भला आधा क्विंटल सोने को चार गोल-गोल पहियों वाली कार में रखने की क्या जरूरत थी ? हमारे पूर्वजों की भांति जमीन में क्यो न दफन कर दी ! इसी तरह रंग-बिरंगे नोटों के बंडलों से इतना मोह नहीं रखता था । थोड़ा बहुत दान पुण्य करते तो वक्त आने पर लिया दिया आड़े आ जाता । वैसे संदर्भित मामले में एक बात साफ तौर पर उभर कर आती है कि बड़ा अफसर ही बड़ा अफसर नहीं होता । अफसर और उससे बड़े का रिमोट कंट्रोल संचालित करने में अदने सिपहिया का भी बड़ा रोल हो सकता है । क्योंकि कब खाना है ? कैसे खाना है ? और कितना खाना है ? इस बारे में जितना वह जानता है उतना दूसरा कोई नहीं जानता । क्योंकि अदना सा सिपहिया जमीन से जुड़ा होता है । कहते है कि खाने-पीने वालों की दोस्ती बड़ी तगड़ी होती है । इसमें छोटे-बड़े का भेद नहीं होता है । वैसे तो यह बात खान-पान के संदर्भ में कहीं जाती थी, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में तो अदना सा सिपहिया भी माननीय के चौकी चूल्हे तक की दौड़ रखता था । इससे सिद्ध होता है कि सच्चे अर्थों में समरसता का नजारा भ्रष्टाचार की प्रक्रिया में भी स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है । कुछ अंशों में समाजवाद की धारणा भी पुष्ट होती है । यदि यह नहीं होता तो मुद्रा के प्रवाह पर इसका विपरीत असर होता । कुछ भी कहो, अपुन को तो हजार बात की एक ही बात समझ में आती है कि सौजन्य से सभी प्रसन्न रहा करते हैं । वैसे इस मामले में मियां बीबी राजी वाला किस्सा होना चाहिए, जब देने वाले को तकलीफ नहीं है और लेने वाले को भी तकलीफ नहीं है तो आखिर किसी का पेट दुखता क्यों है ?



# दिगम्बर जैन सम्यक चारित्र के सदस्यों की सिद्धवरकूट तीर्थ यात्रा

**इंदौर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक चारित्र की मेजबानी में 100 सदस्य प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल सिद्धवरकूट की यात्रा पर प्रस्थित हुए। ग्रुप के अध्यक्ष देवेन्द्र सोगानी एवं सचिव ऋषभ पाटनी ने बताया कि यात्रा संयोजक पिंकी-नीलेश जैन एवं नीमा-अमित जैन के संयोजन में सुबह एक बस बड़ा गणपति स्थित मोदीजी की नसिया से और दूसरी 60 फीट रोड एम.पी. पब्लिक स्कूल से प्रस्थित हुई। बस में धार्मिक गेम्स एवं मनोरंजन के अन्य कार्यक्रमों का जिम्मा श्रीमती पद्मा सेठी एवं सुनीता अजमेरा को सौंपा गया है। दोपहर में सिद्धवरकूट पहुंचने के बाद सदस्यों ने जैन तीर्थों के दर्शन-पूजन तो किए ही, धार्मिक धर्मग्रंथों पर आधारित तम्बोला एवं अन्य रोचक खेलों में भी भाग लिया। ग्रुप की मासिक बैठक भी सिद्धवरकूट में होगी।

# शक्ति संगम में आएगी 25000 नारी शक्ति



**इंदौरा।** विश्व हिंदू परिषद, मालवा प्रांत की एकदिवसीय बैठक आज च-10 गार्डन, एम आर 10 रोड, इंदौर में संपन्न हुई। प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख रवि कसेरा ने बताया कि बैठक मे मालवा प्रांत के 28 जिलों के प्रमुख जिलाधिकारी, आठ विभागों और प्रांत कार्यकारिणी उपस्थित थी। बैठक दोपहर से शाम तक विभिन्न अलग-अलग सत्रों में चली।

बैठक को क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने संबोधित किया। प्रान्त मंत्री विनोद शर्मा ने सभी को बताया की 29 दिसंबर 2024 को शक्ति संगम कार्यक्रम उज्जैन में होगा, इस कार्यक्रम मे पूरे मालवा प्रांत से लगभग 25000 बहने आएंगी। बहनों को लाने और ले जाने के लिए स्थानीय स्तर पर वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। बहनों के आने-जाने के पंजीयन एवं वाहनों मे बैठने वाली बहनो की सूची पूर्व में ही तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में अधिकांश व्यवस्था बहाने स्वयं ही करने वाली है। कार्यक्रम में पहले बहनों का संचलन निकलेगा, संचलन में बहने शस्त्र कला का प्रदर्शन भी करेगी। संचलन के बाद मंचिय कार्यक्रम होगा इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी ऋतुंबरा हैं। प्रान्त संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी कार्यक्रमो मे धर्म रक्षा निधि भी रहने वाला है, सभी सेवा कार्यो में तन और मन के साथ धन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भार्गव ने बताया आगे बताया कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद का भी पंडाल लगेगा, इसमें इस पंडाल में विभिन्न गतिविधियों के साथ संतो के मार्गदर्शक मंडल का सम्मेलन, विभाग मंत्री संगठन मंत्रियों की बैठक, केंद्रीय स्तर की बैठक भी होगी।

अंत में क्षेत्रीय संगठन संगठन मंत्री जितेंद्र पवार ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा की शक्ति संगम बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है, इस कार्यक्रम से जुड़ी हुई सभी व्यवस्थाओं को लेकर बारीकी से विचार किया जाना चाहिए। जितेंद्र पवार ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्य महत्वपूर्ण है। वह सामाजिक संपर्क हो, मठ मंदिर संपर्क हो, बजरंग दल अथवा दुर्गा वाहिनी का कार्य हो या सेवा से जुड़ा हुआ कार्य हो, विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्य आज महत्वपूर्ण है। प्रांत अध्यक्ष मुकेश जैन ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को निश्चय ही प्राप्त करेंगे। बैठक में मंच पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत अध्यक्ष मुकेश जैन, प्रांत उपाध्यक्ष महेश गोठी, प्रांत उपाध्यक्षा डॉ माला सिंह ठाकुर, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव उपस्थित थे। बैठक में प्रांत, विभाग और जिल स्तर के लगभग 125 पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मालवा निमाड़ में इस वर्ष पौने दिए दो लाख नए बिजली कनेक्शन

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नए सर्विस कनेक्शन प्राथमिकता के आधार पर दे रही है। वर्ष 2024 में दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक मालवा निमाड़ के इंदौर समेत 15 जिलों में करीबन पौने दो लाख नए कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। सबसे ज्यादा इंदौर जिले में 52 हजार नए कनेक्शन प्रदान किए हैं.। कंपनी क्षेत्र के उज्जैन, धार, खरगोन , रतलाम, देवास, मंदसौर में भी दस हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि नए कनेक्शन ऑन लाइन पद्धति भी प्रदान किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में दो से तीन दिनों में भी कनेक्शन प्राथमिकता से दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी क्षेत्र में इंदौर जिले में सबसे ज्यादा 52 हजार नए कनेक्शन जारी किए हैं। इधर उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा और कंपनी क्षेत्र में दूसरे स्थान पर कनेक्शन उज्जैन जिले में 18100 प्रदान किए गए हैं। इसके बाद धार जिले में 13500 से ज्यादा कनेक्शन, खरगोन जिले में 12500, मंदसौर जिले में 11700 , रतलाम जिले में 11000 सर्विस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि देवास जिले में 10752 कनेक्शन दिए । सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी क्षेत्र के अन्य जिलों आगर, आलीराजपुर, झाबुआ, खंडवा , बड़वानी बुरहानपुर , शाजापुर , नीमच जिले मे 4 हजार से 9 हजार नए सर्विस कनेक्शन इस केलेंडर वर्ष के दौरान अब तक दिए गए हैं। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी का जोर पेपरलैस विधि एवं ऑन लाइन पद्धति से हैं। इसके तहत ऊर्जस एप या कंपनी के पोर्टल mpwz.co.in के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन किया जा सकता है।

# डॉ. शिल्पा बागरेचा को ज्योतिष गौरव सम्मान



**इंदौर।** विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष तंत्र एवं वास्तु महाधिवेशन में डॉ. शिल्पा बागरेचा को ज्योतिष गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ज्योतिष जगत में उनके सटीक पूर्वानुमानों और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

# 15 साल पुराने मिलावटी दही बेचने और भंडारण मामले में आरोपी दोषमुक्त

**पीथमपुर।** मल्हारगंज स्थित शिवम् श्री डेयरी क़े प्रोपायटर संजय खंडेलवाल क़े विरुद्ध वर्ष 2009 में खाद्य निरीक्षक सुभाष खेडकर द्वारा खाध्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम की धारा 7/16 क़े अंतर्गत प्रकरण पंजिबद्ध किया गया था। आरोपी क़े अधिवक्ता स्पर्श खंडेलवाल ने बताया कीं उक्त मामले में आरोपी क़े विरुद्ध मिलावटी दही बेचने व भंडारण करने क़े आरोप में न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत होने के उपरांत लम्बे वक्त तक न्यायालय में विचारण जारी रहाँ, जिसके उपरांत वर्ष 2023 में विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी क़ो 1 वर्ष क़े सश्रम कारावास और 10000 रु क़े अर्थदंड से दंडित किया गया था, जिससे व्यथित होकर आरोपी संजय खंडेलवाल द्वारा अधिवक्ता स्पर्श खंडेलवाल क़े माध्यम से अपील दायर कीं गयी, जिसमें आरोपी क़े अधिवक्ता द्वारा माननीय न्यायालय क़े समक्ष क़ई महत्वपूर्ण तर्क प्रस्तुत किए गए, अधिवक्ता स्पर्श खंडेलवाल ने बताया कीं हमारी और अभियोजन दोनो पक्षों कीं तमाम दलीलों क़ो श्रवण करने क़े उपरांत नवम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय जितेंद्र सिंह कुशवाह ने गुरुवार कको निर्णय देते



# क्षितिज संस्था के द्वारा अंतरा करवड़े को समग्र सम्मान

**इंदौर।** नगर की साहित्यिक संस्था क्षितिज के द्वारा एक रचना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समालोचक डॉ पुरुषोत्तम दुबे के द्वारा की गई एवं प्रमुख अतिथि के रूप में कवि एवं व्यंग्यकार ब्रजेश कानूनगो उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंतरा करवड़े को क्षितिज लघुकथा समग्र सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। आयोजन में सर्वश्री प्रभु त्रिवेदी, संतोष मोहंती, प्रदीप नवीन, सतीश राठी,दीपक गिरकर, सुरेश रायकवार, ज्योति जैन, आशा मुंशी, आरएस माथुर, आशा वडनेरे, वैजयंती दाते, अश्विनी कुमार दुबे, रश्मि स्थापक, बी एल पानेरी, दीपा मनीष व्यास, विद्यावती पाराशर एवं विजय सिंह चौहान के द्वारा रचना पाठ किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन पुरुषोत्तम दुबे के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि ब्रजेश कानूनगो ने भी चर्चा की एवं रचना पाठ किया। प्रभु त्रिवेदी द्वारा पिता पर आंख पर मां पर एवं रश्मि स्थापक के द्वारा प्रकृति पर जो दोगे सुनाए गए उनकी बहुत प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन रश्मि स्थापक के द्वारा किया गया एवं आभार सचिव दीपक गिरकर के द्वारा माना गया।

# शासकीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा समय-सारणी जारी

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा-3, 4, 6 और कक्षा-7 की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी की है। परीक्षा के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने वार्षिक परीक्षा के आयोजन के पहले बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों के संबंध में जिला परियोजना समन्वयकों को पूर्व तैयारी करने के लिये कहा है। कक्षा-3 और 4 की वार्षिक परीक्षा अगले वर्ष 6 मार्च से शुरू होकर 11 मार्च को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4-30 बजे तक रहेगा। कक्षा-6 और 7 की वार्षिक परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च, 2025 को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4-30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# सुख और दुख जीवन के दो पहलू- पं. दशरथ भाई जी

## संजय गांधी उद्यान में आयोजित श्रीराम कथा का हुआ विश्राम

**मन्दसौर।**

सुयश रामायण मण्डल के तत्वावधान में संजय गांधी उद्यान में आयोजित श्री राम कथा में गुरुदेव दशरथ भाई जी ने व्यासपीठ से कहा जीवन रूपी नदियां के दो किनारे हैं। अनुकूलता की हवा चलने पर जीवात्मा सुख के किनारे हो जाता है और जीवन की प्रतिकूलता ही उसे दुख के किनारे लाकर खड़ा कर देती है।







हर स्थिति में सत्संग तथा भगवान का नाम जीव को सम रहने का सामर्थ्य प्रदान करता है। हमें भगवान के चरित्र के माध्यम से जीवन जीने के ढंग को सीखना चाहिए। धर्म की स्थापना तथा साधु संतो की रक्षा हेतु राम 14 वर्ष की वनयात्रा प्रारंभ की।

कथा के दौरान लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन कर दशरथ भाई जी से आशीर्वाद लिया तथा सभा को संबोधित करते हुए राम कथा के महत्व को बताया। आपने कहा कि कथा से जीवन सुंदर बनता है राम सनातन के प्राण है। दशरथ भाई जी पूरे देश में राम कथा के माध्यम से दशपुर को गौरव प्रदान कर रहे है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी पौथी पूजन किया। आपने सुयश रामायण मंडल की प्रशंसा करते हुए कहा की धर्म के कार्य की निरंतरता को अगर सीखना है तो इस मंडल से सीखो लगातार 21 वर्ष तक धर्म की गंगा बहाना और राष्ट्र को सत्संग करवाना सनातन की उत्तम सेवा है। विधायक विपिन जैन ने भी धर्म सभा को संबोधित किया और कहा कि राम की कथा सुनना और उसे जीवन में उतारना दोनो जीवन को सुंदर बनाते है। धर्म की गंगा सदैव बहती रहनी चाहिए। आपने यह कथा हर वर्ष आयोजित होना चाहिए उसमें मेरी ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

कथा में पौथी पूजन मुख्य यजमान पूर्व पार्षद सुरेश माया भावसार परिवार ने किया। कथा के दौरान भागवताचार्य प्रद्युम्न पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर, पूर्व जनपद सीईओ राधाकृष्ण वाक्तरिया नगरी, डॉ. रोहित धाकड़, डॉ. ज्योति धाकड़ चित्तौड़गढ़, अजय सोनी, उम्मेदसिंह किंतुखेड़ी, ईश्वरलाल घोड़ेला नरसिंहपुरा, केशवसिंह राठौर, त्रिभुवन कविश्वर किशोर शर्मा, राजा सोनी, राजकुमार शर्मा, अनिल शर्मा पिपलिया, गौरव अग्रवाल, अपूर्व सक्सेना, स्वदेशी जागरण मंच के अंकुश पालीवाल, कनिष्क शर्मा, किशन पाण्डेय, जय बजरंग सेना के सूरज बैरागी, आदित्य मारोठिया, शुभम सुरावत, सिंधी समाज के काका दृष्टनंद नैनवानी, वासुदेव सेवानी, दयाराम सेवानी, मनोहर नैनवानी, गिरीश भगतानी, डॉ. अभिजीत जैन, लोकेश जैन, उमेन्द्र जैन, दिनेश सोनी, प्रदीप सोनी, सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कश ट्रॉफी फुटबॉल स्पर्धा आज से शुरू

**मन्दसौर।** खेल प्रेमी स्वर्गीय विनोद गर्ग द्वारा शुरू किए गए दिवंगत फुटबॉल खिलाड़ियों स्वर्गीय जितेंद्र सिंह मसराम और स्वर्गीय गौरव गिरवाल स्मृति कश ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट आज से शुरू होने जा रहा है। चंबल फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजन संबंधी सभी कार्यवाही पूरी कर ली है। प्रथम दिन 2 मैच होंगे जिसमें पहला मैच दोपहर 1 बजे पंजाब पुलिस और यंग आदिवासी क्लब, इंदौर के बीच होगा उसके बाद द्वितीय मैच दोपहर 3 बजे एन एफ ए, नीमच और करनी क्लब, बीकानेर के बीच खेला जाएगा। आयोजन का शुभारंभ 2*30 बजे होगा।

उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मंदसौर की प्रथम नागरिक नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती रामादेवी गुर्जर, मंदसौर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, जिला खेलाधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, मध्य प्रदेश फ़ुटबाल संघ के सचिव श्री अमित रंजन देव एवं फ़ीफ़ा मैच कमिश्नर कर्नल श्री गौतम कार उपस्थित रहेंगे।

## पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे मंदसौर के दिलीप सेठिया



**मंदसौर ।** जांगड़ा पोरवाल समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सतत सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सहयोगी रहने वाले पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मंदसौर के युवा दिलीप सेठिया ने अपनी दावेदारी जताकर चुनाव मैदान में दस्तक दी है। सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सेठिया बीते 25 सालों से भी अधिक समय से अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। साल 2003 में जब समाज के युवाओं को सामाजिक कार्यो से जोड़ने के उद्देश्य से पोरवाल युवा संगठन का गठन किया गया तब इसकी स्थापना में युवा दिलीप सेठिया का अहम योगदान रहा। उनकी दूरदृष्टि और सामाजिक विकास की सोच ने युवा संगठन को आकार दिया जिसका परिणाम है कि आज पोरवाल युवा संगठन अपने विशालतम स्वरूप में समाज के वरिष्ठ जनों के अनुभव का लाभ लेते हुए समाज के विकास में अपना योगदान दे रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिलीप सेठिया मन्दसौर के नेहरू बस स्टैंड पर अनुभव मोबाइल के नाम से व्यवसाय का सफल संचालन करने के साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र मेंभी सक्रिय हैं। आप विभिन्न सामाजिक,धार्मिक सेवा और रचनात्मक कार्य करने वाली अनेक संस्थाओं से जुड़कर सामाजिक कार्य पूरी सक्रियता से कर रहे हैं। आप पोरवाल समाज मन्दसौर के मीडिया प्रभारी है तथा विगत 14 वर्षो से मन्दसौर में आयोजित हो रहे वैवाहिक परिचय सम्मेलन में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। मन्दसौर जिले में सेवा कार्यो में अग्रणी संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के जिलाध्यक्ष, सेवा और रचनात्मक कार्यो में अग्रणी वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के जिलां महामंत्री, के दायित्व का सफल निर्वहन कर रहे हैं।

## सुशासन दिवस के रूप में अटलजी का जन्म दिन हर बूथ पर मनाया जाएगा

**भानपुरा (इन्दौर समाचार )।**

नगर भानपुरा में डाक बंगला स्थित गेस्ट हाउस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भनपुरा की वृहद बैठक सोमवार 23 दिसंबर को दिन में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया।




मंडल महामंत्री प्रहलाद सिंह / सुनारी/ने बताया कि भाजपा मंडल भानपुरा के सभी 69 बूथों पर मनाया जायेगा। सुशासन दिवस मनाये जाने को लेकर सोमवार को आयोजित बैठक में अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक मांदलिया, डॉ. आनंद जैन, रमेश धाकड़, सौदान गुर्जर, अमित उपाध्याय नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता नवल चोरड़िया, कार्यक्रम प्रभारी अनिल राठौर एवं दिनेश रुद्रवाल, बालाराम गुर्जर, रामसिंह चौहान, प्रहलाद सिंह झाड़ा, मीनल चोरड़िया मचांसिन रहे द्य

कार्यक्रम में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हल्दीराम पाटीदार, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम धाकड़, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तेजल मकवाना, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष समीर खान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू वधवा, युवा मोर्चा महामंत्री प्रहलाद सिंह सुनारी व बंटी गुर्जर, किसान मोर्चा महामंत्री बजरंग जी मीणा व मुरली बंजारा पिछड़ा मोर्चा महामंत्री ईश्वर योगी, सुनील माली, विष्णु पाटीदार तथा वरिष्ठगण शक्ति केंद्र पालक, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सरपंच गण जनपद सदस्य गण व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनील राठौर ने किया व आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया ने व्यक्त किया।

## निशुल्क सर्वरोग निदान शिविर नेत्र परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर कल

**शामगढ़( इन्दौर समाचार) ।**अंतर्राष्ट्रीय संत परम पूज्य श्री कृष्णानंद जी महाराज के परम आशीर्वाद से भारत विकास परिषद शाखा शामगढ़ के तत्वावधान में *स्वर्गीय गोपी रमनजी यादव की (51वी) स्मृति में यादव परिवार शामगढ़ भैंसोंदा मंडी* के सहयोग से 25 दिसंबर 2024 को पंडित दीनदयाल सिविल हॉस्पिटल शामगढ़ में प्रातः 10 बजे 4 बजे तक विशाल सर्वरोग निदान शिविर नेत्र शिविर एवं मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन रखा जा रहा है, जिसमें *अमलतास हॉपिस्पटल × रिचर्स सेंटर देवास* में प्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे इसके अलावा शामगढ़ नगर के अनुभवी सेवाभावी चिकित्सक भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे

## प्रदेश के शासकीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा समय-सारणी जारी

**मंदसौर ( इन्दौर समाचार )।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा-3, 4, 6 और कक्षा-7 की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी की है। परीक्षा के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने वार्षिक परीक्षा के आयोजन के पहले बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों के संबंध में जिला परियोजना समन्वयकों को पूर्व तैयारी करने के लिये कहा है। कक्षा-3 और 4 की वार्षिक परीक्षा अगले वर्ष 6 मार्च से शुरू होकर 11 मार्च को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4-30 बजे तक रहेगा। कक्षा-6 और 7 की वार्षिक परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 12 मार्च, 2025 को समाप्त होगी। इन कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4-30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जायेगी।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा का शुभारंभ

**मंदसौर।**

श्रद्धेय पंडित विष्णु जी शर्मा रठाना वाले के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा का शुभारंभ आज से अमर शांति रिसोर्ट, लाल घाटी रोड, लक्ष्मीबाई चौराहे के पास संजीत नाका पर हुआ। इस पावन आयोजन की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा से हुई।




कलश यात्रा यश बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माताएं और बहनें सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा का हिस्सा बनीं। वहीं, आयोजक अंजना राधेश्याम शर्मा परिवार ने श्रीमद्भागवत पोथी को श्रद्धापूर्वक अपने सिर पर धारण किया।

कलश यात्रा के मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। वातावरण धार्मिक उत्साह और भक्ति के रस से सराबोर हो गया। शोभायात्रा में मौजूद भक्तों ने जयघोष करते हुए आयोजन को और अधिक भक्तिमय बना दिया। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। पंडित विष्णु जी शर्मा ने कथा का महत्व बताते हुए इसे जीवन को संस्कारित करने वाला मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का सार है, जो मनुष्य को सत्य और धर्म की ओर प्रेरित करता है।

यह आयोजन पूरे 7 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक कथा प्रवचन होंगे। श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल पर भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। स्थानीय निवासियों और दूरदराज से आए भक्तों ने इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भागीदारी की और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# समाज कार्य के विद्यार्थियों ने किया अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति का भ्रमण

**जावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जावरा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाज कार्य स्नातक पर स्नातक विद्यार्थियों को अध्ययन भ्रमण के निमित्त जावरा नगर की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था अन्यक्षेत्र जनकल्याण समिति का अध्यन भ्रमण करवाया गया।



समिति में अपनी सेवा दे रहे संजय दासोत ने अन्य क्षेत्र में संचालित सेवा कार्य, वृद्ध आश्रम, अनाथ व्यक्तियों के लिए भोजन व्यवस्था, निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था, डायलिसिस सेंटर, अस्पताल में मरीज के परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों को व्यवस्थाओं से परिचित कराया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समाज सेवा से जुड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## बीते 100 वर्षो से सेवा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था

ब्लॉक समन्वयक युवराज सिंह पवार ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया की यह संस्था पिछले 100 वर्षों से सेवा कार्य में अपना एक अलग स्थान बना चुकी है। यहां पर सभी जाति धर्म मजहब के आर्थिक रूप से कमजोर, बीमार, अनाथ, दिव्यांग, वृद्धजन, निराश्रित लोग आकर भोजन और आश्रय प्राप्त करते हैं।

## इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परामर्शदाता अर्पित शिकारी, विनीता सिंह पवार, अंकित ठाकुर, इंदिरा योगी, सतीश टांक, सुभाष जैन के अलावा अन्न क्षेत्र के संजय दासोत, सुभाष जैन के अलावा एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



# एकासना दिवस के रूप में मना आचार्यश्री का 50 वां दीक्षा दिवस महोत्सव

**जावरा।** श्री साधुमार्गी जैन संघ के आचार्य रामलाल महाराज साहब के 50 वे दीक्षा वर्ष के अवसर पर आयोजित महत्तम महोत्सव एकासन दिवस के रूप में मनाया गया। आयोजित समारोह में आचार्य श्री के जीवन पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला तथा छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी। संघ में दीक्षित साध्वी वृंदों के वीर माता-पिता एवं परिवार का बहुमान संघ द्वारा किया गया। महत्तम महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता एवं प्रत्याख्यान लेने वालों को सम्मानित किया गया। सामूहिक एकासन में 720 एकासन श्री सकल जैन संघ के सदस्यों द्वारा किए गए। कार्यक्रम का संचालन नरेश मेहता एवं राजेश सधंवी द्वारा किया गया। वीर माता-पिता एवं परिवार का परिचय श्री सघं पुर्व अध्यक्ष पुखराज पटवा द्वारा दिया गया। आभार अभय भंडारी ने माना।






# 25 को सुशासन दिवस और 26 को वीर बाल दिवस मनाएगा सुखेड़ा मंडल

### सुखेड़ा में हुई मंडल की पहली बैठक

**जावरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला रतलाम मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार सुखेड़ा मण्डल के तहत होने वाले 25 दिसंबर 24 बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती को सुशासन दिवस एवं 26 दिसंबर 24 गुरुवार को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में मंडल स्तरीय बैठक गंगा मैरिज गार्डन सुखेड़ा में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के.के.सिंह कालूखेड़ा, जिला सह कार्यालय मंत्री बद्रीलाल शर्मा, राघवेंद्र पालीवाल उपस्थित रहे। अध्यक्षता मण्डल के अध्यक्ष रितेश जैन ने की। जैन ने बताया कि 25 दिसंबर को सुखेड़ा में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 2 किमी चल समारोह निकाल कर एवं दोपहर 1 बजे श्री गंगा मैरिज गार्डन पर अ. भा. कवि सम्मेलन कर जन्म जयंती मनाई जाएगी और 26 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे पिंगराला में वीर बाल दिवस कार्यक्रम के तहत रिटायर्ड आर्मी के जवान का स्वागत और स्कूल बच्चो द्वारा देश भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ऐसी रूपरेखा तय की गई।

## बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के यशवंत प्रकाश शर्मा, धन्नालाल लोधा, जगदीश बाबूजी, रामचंद्र पाटीदार, भुवान सिंह, मांगीलाल चौधरी, जयनारायण मेहरा, कैलाश परमार, ऊँकारलाल पाटीदार, प्रभुलाल धनगर आदि के साथ जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, बुथ अध्यक्ष, महामंत्री और मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री घनश्याम बैरागी ने किया। आभार महामंत्री कैलाश बारोड ने माना।

## सिविल जज बनी शारदा शर्मा का सरस्वती पूरम पर किया स्वागत

जावरा। सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम पहाड़िया रोड़ जावरा पर आज विद्यालय की पूर्व छात्रा शारदा शर्मा का छत्तीसगढ़ में सिविल जज पद पर चयन होने पर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक तन्मय सोनी प्राचार्य रेनू बाला शर्मा ने शारदा शर्मा का शाल श्रीफल एवं पुष्पहारों से स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शारदा शर्मा ने कहा कि मुझे जो भी शिक्षा एवं संस्कार विद्यालय से मिले हैं उन्हें मैंने जीवन में उतारा है मेरी सफलता का श्रेय मेरा परिवार शिक्षक गण एवं स्वयं की ललक हैं।

# खेल मैदान बचाने के लिए खेल प्रेमियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**जावरा।** शहर के महात्मा गांधी हायर सेकेण्डरी स्कूल और शासकीय भगतसिंह महाविद्यालय में दो खेल मैदान उपलब्ध थे, लेकिन महात्मा स्कूल में सीएम राईज का नया भवन बनने से तथा महाविद्यालय में पुलिस भर्ती के दौरान बने रनिंग ट्रेक के चलते दोनो खेल मैदान बर्बाद हो चुके थे। ऐसे में शहर के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के लिए मैदान उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे में सोमवार को शहर के सभी खेल प्रेमियों ने गीता भवन से एक रैली निकाली और एसडीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।



सोमवार को दोपहर करीब 4 बजे गीता भवन से शहर के सभी खैल प्रेमियों ने एक रैली निकाली जो शहर के सभी प्रमुख मार्गो से होकर सीएम राईज स्कूल पहुंची, जहां एसडीएम के नाम तहसीलदार संदीप इवने को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खेल प्रेमियों ने बताया कि शहर के सीएम राईज स्कूल का खेल मैदान लंबे समय से सार्वजनिक उपयोग में आया रहा हैं, इस मैदान पर स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस के साथ ही अन्य सार्वजनिक आयोजन, बडे क्रिकेट टूर्नामेंट, फुटबॉल टुर्नामेंट भी हुए हैं, लेकिन वर्तमान में सीएम राईज स्कूल भवन के साथ ही विभिन्न खैल मैदान जिसमें रनिंग ट्रेक, बास्केटबॉल कोर्ट के साथ ही अन्य खेलों के मैदान भी बनाए जा रहे हैं, ऐसे में एक ही खैल मैदान में सभी खेलों के कोर्ट बना दिए जाएंगे तो किसी भी खेल का मैदान अपने तय मापण्ड पूरे नहीं कर पाएगा। ज्ञापन में खेल प्रेमियों ने उक्त खैल मैदान को बचाने और उसे सार्वजनिक उपयोग हेतु दिए जाने की मांग की हैं।

# वरिष्ठ महासंघ की गतिविधियां सराहनीय : सुशील कोचट्टा

**जावरा।** मानव सेवा हो या जीव दया हर क्षेत्र में श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ महासंघ की गतिविधियां सराहनीय हैं। संस्था अध्यक्ष अभय सुराणा के नेतृत्व में जो गतिविधियां आज तक नहीं हुई है वह हो रही है वह इनका स्लोगन आओ कुछ नया करो को सार्थक कर रहे हैं। उक्त विचार नगर पालिका जावरा के कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने श्री गोपाल इफ्तेखार गौशाला में गायो को गुड व गो ग्रास तथा सर्दी के इस मौसम में गौ माता को कंबल ओढ़ाने के कार्य का शुभारंभ करते हुए कही। संस्था अध्यक्ष अभय सुराणा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नव वर्ष में हमारा मैत्री मिलन समारोह मंदसौर में आयोजित किया जा रहा हैं तथा सिंदपन जैन दिवाकर कमल गौशाला में गायों का स्वामी वात्सल्य कराया जाएगा साथ ही जावरा एवं आसपास की गौशाला में भी सर्दी के मौसम में जहां भी आवश्यकता होगी गौ माता को कंबल ओढ़ाने का कार्य निरंतर चलता रहेगा।

## गौ सेवा हेतु की सहयोग की घोषणा

डॉ सीएम मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा बधाई दी। इस अवसर पर सुशील कोचट्टानें गायों को गुड़ खिलाने गौ माता के स्वामी वात्सल्य में वह सर्दी के मौसम में गायों को कंबल ओढ़ाने में अपनी ओर से सहयोग राशि की घोषणा करी। इसके साथ ही वीरेंद्र विन्यायकया बसंती लाल चपडोद विनोद लूनिया तथा सुरेश लुक्कड़ ने भी सहयोग की बात करी। कार्यक्रम के प्रारंभ में विनोद डांगी रतलाम ने तिलक लगाकर एवं अभय सुराणा, सुजान कोचट्टा नें माला पहनाकर सुशील कोचट्टा का स्वागत किया।



## गौ माता के स्वामीवात्सल्य में इनका रहेगा योगदान

सुजानमल कोचट्टा, अशोक संघवी, प्रकाश श्रीश्रीमाल, वीरेन्द्र विन्यायका, श्रेणिक चौहान, सुरेश लक्कड़, अनिल पावेचा, पुष्पेंद्र गंगवाल, विनोद डांगी, संचालन सचिव अनिल चोपड़ा ने किया। आभार नगिन सकलेचा ने माना। नवकारसी का लाभ अजय आंचलिया ने लिया। इस मौके पर प्रकाशचंद संघवी, बसंतीलाल चपड़ोद, नेमीचंद जैन, राजकुमार हरण, विनोद लुनिया, अजय आंचलिया, विनोद डांगी, वीरेंद्र रांका, नवनीत श्रीमाल, सुशील जैन, अशोक झामर, रमणिक जैन, श्रेणिक चौहान, प्रदीप सेठिया, राजेंद्र कोचर, दिलीप पारख, सुरेश लुक्कड़, अनिल धारीवाल, हेमंत जैन, ऋषभ छाजेड़ आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का आरोप बीजेपी संविधान विरोधी

## अमित शाह माफी मांगे, इस्तीफे की मांग का जारी रहेगा आंदोलन

**रतलाम।**

बीजेपी और उनकी मातृ संस्था हमेशा से डॉ. अंबेडकर और संविधान विरोधी रही है। इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डॉ. अंबेडकर को चुनाव हरवाया था।




कांग्रेस डॉ. अंबेडकर के अपमान को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रखा जाएगा।

यह बातें सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस में रतलाम शहर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कही। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, कांग्रेस नेता पारस सकलेचा ने कहा कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सत्ता पक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। दुख की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप रखी। यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का मुक्की की गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। बीजेपी ने षडयंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी, फिर भी हम डरने वाले नहीं हैं, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, यास्मीन शैरानी, कार्यवाहक अध्यक्ष फैयाज मंसूरी, उपनेता कमरूदीन कछवाय, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, वीरेंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री राजीव रावत, पार्षद नासिर कुरेशी, सलीम बागवान, शाकिर खान आदि मौजूद रहे।

# 71 वें महारूद्र यज्ञ में दी जा रही है वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहूतियाँ

**रतलाम।**

11 दिवसीय महारूद्र यज्ञ की शुरुआत 21 दिसम्बर को हुई जिसकी पूर्णाहुति 31 दिसम्बर को होगी। यज्ञाचार्य दुर्गाशंकर ओझा के मार्गदर्शन में 21 भूदेवों मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमलता संजय दवे से आहूतियाँ दिलवा रहे है।



प्रातः 11 बजे शुरू होने वाले यज्ञ की आरती सायं 5 बजे हो रही है । यज्ञ महोत्सव में श्रद्धालुजन धार्मिक भक्ति भावना के साथ शामिल हो रहे है । आरती पश्चात प्रसादी वितरण की जा रही है।

71 वे महारुद्र यज्ञ में यज्ञ नारायण की आरती मे आमंत्रित समाज कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज से कोसल कुमार द्विवेदी, श्रीमाली ब्राह्मण समाज से नयन व्यास, हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज से बंशीलाल शर्मा, स्वर्णकार समाज से कृष्णा सोनी, कसेरा सुदा साथ समाज से राजेन्द्र कसेरा, मराठा समाज से अशोक तावरे, मालवी रजक समाज से छोटेलाल मेहता आदि पदाधिकारियों द्वारा समाज बंधुओ एवं मातृशक्ति के साथ उपस्थित होकर यज्ञ नारायण की आरती की गई।

आरती पश्चात आमंत्रित सभी सनातन समाज बंधुओं का आयोजन समिति की और से रमेश व्यास, लालचंद टांक, गोपाल जवेरी, राजेश दवे, अविनाश व्यास आदि द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया, कार्यक्रम का संचालन जनक नागल द्वारा किया गया एवं आभार अध्यक्ष अनिल झालानी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म के बड़ी संख्या में भक्तगण एवं मातृशक्ति उपस्थित थे।

श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा पं. रामचन्द्र डोंगरे महाराज की स्मृति में संचालित अन्न क्षेत्र में निराश्रितों को आज भोजन अशोक लाठी, संजय रोशनलाल चौरडिया द्वारा भोजन प्रसादी परोसी गई । लाठी एवं चौरडिया परिवार स्वयं निराश्रितों को भोजन परोसा गया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नवनीत सोनी, राजेश दवे, विपिन त्रिवेदी, नारायण राठौड़, सतीश राठौड़, मनोज जोशी, विष्णु दलाल, मुन्नालाल राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## पिछले दो दिनों में दिन का तापमान 3 डिग्री लुढ़का : आसमान में छाए बादल, मावठा गिरने की संभावना, कोहरा भी छाया रहा



**रतलाम।** रतलाम में मावठे का मौसम बन रहा है। सोमवार सुबह से सूरज बादलों की ओट में छिपा हुआ है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। सूरज की लुका-छिपी जारी है। मौसम विभाग ने भी 23 दिसंबर से 28 दिसंबर के बीच सीजन का पहला मावठा गिरने की संभावना जताई है। पिछले 2 दिन में दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में एक बार मौसम बदलेगा। बारिश के साथ कुछ हिस्सों में ओले भी गिरेंगे। इधर रतलाम में पिछले दो दिन से लगातार बादल छाए हुए हैं। सोमवार सुबह भी शहरवासी तेज धूप का इंतजार करते रहे। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर दूर-दूर तक हल्का कोहरा छाया रहा। वाहन चालकों को अपने वाहनों की लाइट चालू कर वाहन चलाने पड़े। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के अनुसार प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर हो सकता है। इस कारण उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेगी। जो अरब सागर से नमी लाएगी। बंगाल की खाड़ी से पूर्वी हवाएं भी आएंगी। इस कारण प्रदेश के जिलों में बादल छाने के साथ हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ओले गिरने की संभावना भी है। लगातार ठंड के मौसम के कारण दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह कोहरा भी छाने लगा है। पिछले 24 घंटे में दोपहर का तापमान 0.2 डिग्री लुढ़का है। इसके पहले शनिवार को 3 डिग्री पारा लुढ़का था। वहीं रात के तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। दिन और रात के पारे में उतार-चढ़ाव के बावजूद ठंड का असर बरकरार है। रविवार को अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो कि एक दिन पहले शनिवार को 26.2 व शुक्रवार को 29.0 डिग्री दर्ज हुआ था। रविवार को रात का तापमान 11.5 डिग्री दर्ज हुआ। शनिवार को 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

## मनेन्द्र बैरागी के भजनों से सराबोर हुआ त्रिवेणी मेला

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले के दुसरे दिन निगम रंगमंच पर आयोजित भजन संध्या में मनेन्द्र बैरागी ने अपने सुमधुर भजनों से पुरे मेला परिसर को धर्ममयी बना दिया। भजन संध्या की शुरूआत कलाकारो ने भगवान श्री गणेश वंदना से कि इसके बाद भजन गायक मनेन्द्र बैरागी, अमित वैष्णव, अंकिता घारू, किरण चौहान आदि ने छम-छम नाचे वीर हनुमाना, कीर्तन की है रात आज थाणे आणो है, बांस की बांसुरिया पे घणो इतरावे, तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये, थारी जय हो पवन कुमार, कीर्तन की है रात, सांवरिया सेठ दे दे जैसे कई भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबुर कर दिया। प्रारंभ में भजन गायक व साथी कलाकारो का स्वागत मेला अधिकारी करूणेश दण्डोतिया के अलावा प्रवीण शर्मा, राजेन्द्रसिंह गेहलोत, आशीष चौहान, जय उपाध्याय आदि ने पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया।

## 24 दिसंबर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस उपभोक्ता न्यायालय में जाने की प्रक्रिया में जटिलताएं बड़ी : पारिख

**रतलाम।** प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है जिसमें उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए कई पहल एवं प्रयास किए जाते हैं किंतु उपभोक्ताओं के लिए बनने वाली योजनाओं में उपभोक्ताओं को ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्वैक्षिक उपभोक्ता स्टडी सर्कल संगठन के अध्यक्ष सुनील पारिख एडवोकेट ने बताया कि उपभोक्ता न्यायालय में जाने के लिए पहले सीधे परिवाद दायर किया जा सकता था किंतु कुछ वर्षों से ई दाखिला ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। किंतु ऑनलाइन के साथ ही हार्ड कॉपियां भी ली जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को परिवाद प्रस्तुत करने में शुरुआत ही आर्थिक बोझ के साथ शुरू होता है। वास्तव में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया गया था तब उसकी मंशा यह थी की इस अधिनियम के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। क्योंकि यह अधिनियम सामाजिक लाभ प्राप्ति के लिए बनाया गया है किंतु वर्तमान में आधुनिक पद्धति के नाम पर उपभोक्ताओं को न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करने में ही कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2024 उपभोक्ता दिवस पर पुनः जागो ग्राहक जागो एप जागृति एप जागृति डेस्क बोर्ड का शुभारंभ किया जा रहा है। ऑनलाइन प्रक्रिया वर्तमान समय में अच्छी बात हो सकती है किंतु यदि प्रक्रिया में परेशानी उत्पन्न होने लगे तो सहज और सरल न्याय संभव नहीं हो पाता है। पारिख ने बताया कि परिवाद हार्ड कॉपी में ही लिया जाना चाहिए जैसा की अधिनियम बनने के समय कहा गया था कि यह सहज एवं सरल प्रक्रिया अनुसार होगा उस पद्धति को वर्तमान में भी आधुनिक तकनीक के साथ जारी रखा जाना आवश्यक है जिससे उपभोक्ता जागरूक होने के साथ ही सहज एवं सरल तरीके से परिवाद प्रस्तुत कर सके क्योंकि भारत में अधिकांश उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्र से होकर उक्त तकनीक से अनभिज्ञ रहते हैं।

### रतलाम मंडल पर

# मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की प्रथम बैठक संपन्न

**रतलाम।**

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर वर्ष अगस्त 2024 से अगस्त 2026 के लिए गठित मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। 23 दिसम्बर, 2024 को संपन्न डीआरयूसीसी की इस प्रथम बैठक में कुल 16 सदस्यों में से 13 सदस्य शामिल हुए।



बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत सभी सदस्यो एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा अपना-अपना परिचय दिया गया। समिति के अध्यक्ष व मंडल रेल प्रबंधक श्री रजनीश कुमार ने अपने स्वागत उदबोधन में बताया कि समिति के सदस्यगण रेलवे एवं उपभोक्ताओं के बीच एक कड़ी का काम करते हैं।

इस अवसर पर श्री कुमार ने रतलाम मंडल पर किए जा रहे अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों एवं यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों के बारे में माननीय सदस्यों को अवगत कराया। इस दौरान मंडल की जनवरी 2024 से दिसम्बर 2024 तक की उपलब्धियों को पावर पाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

बैठक के दौरान समिति के माननीय सदस्यों द्वारा रेलवे द्वारा किये जा रहे विकासात्मक कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया तथा सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की यात्री सुविधा से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ट्रेनों के ठहराव, ट्रेनों के विस्तार, ट्रेनों के फेरे बढ़ाने, नई ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराने इत्यादि से संबंधित बहुमूल्य सुझाव दिए। डीआरएम श्री रजनीश कुमार द्वारा सभी सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि उनके बहुमूल्य सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा । समिति की बैठक के दौरान मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के माननीय सदस्यों में विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक डॉ. सुरेश धाकड़, राजदीप परवाल, विशाल गिडवानी, ब्रजेश खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, कांतिलाल छाजेड़, तरुण व्यास, प्रदीप पुरोहित, शैलेष गर्ग, सुश्री गायत्री मौड, गोपाल कृष्ण सोडानी एवं क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के महेन्द्र गादिया शामिल हुए। डीआरयूसीसी सदस्य राजेन्द्र सिंह परमार के प्रतिनिधि पंकज सोनी शामिल हुए। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक अशफाक अहमद, मुख्य परियोजना प्रबंधक(गतिशक्ति) सहित सभी विभागों के शाखाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## एक्सेल एंटरटेनमेंट ने की 120 बहादुर की रिलीज़ की घोषणा




एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो के साथ मिलकर फिल्म 120 बहादुर की रिलीज़ की घोषणा की है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने इस फिल्म को 21 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की घोषणा की। फिल्म के मोशन पोस्टर और पहले लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। फरहान अख्तर, जो मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, ने फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा, ÷1962 को 62 साल हो चुके हैं। आज, हम रेजांग ला के नायकों के अद्वितीय साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं। मेजर शैतान सिंह और उनके बहादुर सैनिकों की वीरता और अदम्य भावना हमारी प्रेरणा हैं। अहीर समुदाय के उन बहादुर सैनिकों को विशेष सलाम, जिन्होंने दुर्गम परिस्थितियों में दुश्मनों का सामना किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।÷ फिल्म का निर्देशन रजनीश 'राज़ी' घई कर रहे हैं, जो इससे पहले भी अपनी दमदार कहानियों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म को लेकर निर्माताओं का कहना है कि यह सिर्फ एक युद्ध फिल्म नहीं है, बल्कि एक ऐसी प्रेरणादायक गाथा है, जो देशभक्ति और बलिदान की भावना को नई पीढ़ी के साथ जोड़ने का काम करेगी। लुभावने दृश्य और मजबूत कहानी के साथ, फिल्म भारतीय सेना के साहस को बड़े पर्दे पर जीवंत करने का वादा करती है। रेजांग ला की लड़ाई भारतीय सेना के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। 120 सैनिकों ने भारी संख्या में आए चीनी सैनिकों को कड़ी टक्कर दी और अपनी आखिरी सांस तक लड़ते हुए दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर किया।

## उर्मिला मातोंडकर की पोस्ट ने दिया अफवाहों को हवा



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसने उनके निजी जीवन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। तस्वीर में उर्मिला योगा मुद्रा में नजर आ रही हैं, और उन्होंने लिखा, यह दिसंबर है, तनाव दूर करने और अव्यवस्था को खत्म करने का समय है। नए साल के लिए आंतरिक शांति लाने और शरीर व आत्मा से जुड़ने से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है? उर्मिला ने आगे लिखा, हमारे आस-पास मौजूद पॉजिटिविटी और अच्छाइयों को महसूस करें। हर समय आभारी और सहानुभूतिपूर्ण बनने की कोशिश करें। फैंस इस पोस्ट को उनके पति मोहसिन अख्तर मीर से तलाक की खबरों से जोड़ रहे हैं, जो इस साल कई बार सुर्खियों में आई थीं। उर्मिला और मोहसिन ने 3 मार्च 2016 को शादी की थी, जो एक इंटर-फेथ मैरिज थी। शादी के बाद दोनों ने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उनकी मजबूत बॉन्डिंग ने हर सवाल का जवाब दिया। हालांकि, तलाक की खबरों पर उर्मिला ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनके इस पोस्ट ने फैंस के बीच कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

## गिरीश के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही टिप्स इंडस्ट्रीज

फिल्म प्रोड्यूसर कुमार एस तौरानी के बेटे और रमेश एस तौरानी के भतीजे गिरीश कुमार ने बॉलीवुड में असफल होने के बाद फिल्मों से दूरी बना ली थी। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार के बिजनेस में कदम रखा। वह अब अपने पिता और चाचा के नेतृत्व में भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनियों में से एक, टिप्स इंडस्ट्रीज, के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के रूप में काम कर रहे हैं। टिप्स इंडस्ट्रीज, जो म्यूजिक और फिल्म प्रोडक्शन में एक प्रमुख नाम है, गिरीश के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिसंबर 2024 तक इस कंपनी का अनुमानित मार्केट कैप 10,517 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। यह गिरीश की मेहनत और उनके परिवार के समर्पण का नतीजा है। गिरीश ने टिप्स इंडस्ट्रीज में डिजिटल मीडिया, म्यूजिक प्रोडक्शन और नए प्रोजेक्ट्स को संभालते हुए कंपनी को आधुनिक दौर के हिसाब से विकसित किया है।

## विजय संग पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी पूजा हेगड़े

मोस्ट अवेटेड फिल्म 'थलपति 69' मेंअभिनेत्री पूजा हेगड़े पहली बार सुपरस्टार थलापति विजय के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री पूजा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में चेन्नई की खूबसूरत सुबह का जिक्र किया और बताया कि उनकी शूटिंग का दिन सुबह 6:30 बजे शुरू हो चुका है। पूजा हेगड़े ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'थलपति 69' की शूटिंग की झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। पोस्ट में 'चेन्नई मॉर्निंग्स डे 16' लिखा हुआ देखा जा सकता है, जिससे पता चलता है कि फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है। 'थलपति 69' का निर्देशन एच. विनोद कर रहे हैं और यह केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले वेंकट के. नारायण द्वारा निर्मित है। इस फिल्म की शुरुआत 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा के साथ हुई थी। विजय और पूजा के अलावा फिल्म में गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियामणि, ममिता बैजू, मोनिशा ब्लेसी और वरलक्ष्मी शरतकुमार जैसे दमदार कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में विजय एक निलंबित पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे, जो एक विशेष मिशन के लिए अपनी शक्ति वापस पाता है। विजय के राजनीति में एंट्री करने के बाद 'थलपति 69' को लेकर फैंस के बीच और भी ज्यादा उत्साह है। फिल्म को अक्टूबर 2025 में रिलीज करने की योजना बनाई गई है। पूजा हेगड़े इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और यह उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अपने वर्कफ्रंट की बात करें तो पूजा के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वह शाहिद कपूर के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म 'देवा' में नजर आएंगी, जो 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। इसके अलावा, पूजा सुपरस्टार सूर्या के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म 'सूर्या 44' और रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में भी नजर आएंगी। पूजा हेगड़े ने अपनी मेहनत और टैलेंट से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# परफॉर्मेंस के आधार पर बंटेगी निगम-मंडलों की कुर्सी

## सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव में सक्रियता का हो रहा आकलन

इंदौर। करीब एक साल से निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्ति की आस ताक रहे नेताओं की अगले वर्ष के पहले या दूसरे महीने में मनोकामना पूरी हो सकती है। गौरतलब है कि निगम-मंडल में पद पाने का फॉर्मूला पहले ही तय हो चुका है। यानी सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव में अच्छा काम (बेस्ट परफॉर्मर) करने वालों की ही ताजपोशी होगी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव में नेताओं की सक्रियता का आकलन किया जा रहा है। गौरतलब है कि डॉ. मोहन यादव सरकार ने फरवरी में एक ही आदेश में 45 बोर्ड, निगमों व प्राधिकरणो के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को हटा दिया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि सीएम डॉ. यादव नई व्यवस्था चाहते हैं।

गौरतलब है कि मोहन सरकार ने ये साफ कर दिया है कि इस बार अगर लाभ के पद पर काबिज होना है तो सख्त इम्तिहान देना होगा। ये इम्तिहान हर उस नेता के लिए होगा जो निगम-मंडल के पदों पर दावेदारी जता रहे हैं। अब ऐसे नेताओं को नियुक्ति बहुत आसानी से नहीं मिलने वाली है। ये नेता अपनी वरिष्ठता का हवाला देकर या किसी दिग्गज नेता की सिफारिश लाकर ही पद हासिल नहीं कर सकेंगे। नए फॉर्मूले के तहत हर नेता को अपनी काबीलियत खुद साबित करनी पड़ेगी। ये शर्त रखने की बड़ी वजह है भाजपा का सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव। गौरतलब है कि दिसंबर, 2021 में तत्कालीन शिवराज सरकार ने निगम, मंडलों में 25 अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की थीं। पिछले साल चुनाव से करीब सात महीने पहले 35 और राजनीतिक नियुक्तियां की गईं।



बोर्ड और निगमों के अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है, जबकि उपाध्यक्ष को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। शिवराज सरकार ने अपने चौथे कार्यकाल में 50 से ज्यादा पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां कीं। फरवरी में हटाए गए कई अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का कार्यकाल तीन साल से ज्यादा बचा हुआ था।

### इंतजार है निगम मंडलों में नियुक्तियों का

प्रदेश में नए चेहरे के साथ नई सरकार के काबिज होते ही नेताओं को इंतजार है कि निगम मंडलों में नियुक्तियां कब होगी। बहुत से नेता अपनी दावेदारी भी जता रहे हैं, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से निगम-मंडल में नियुक्तियों का मामला उलझ रहा है।

पहले माना जा रहा था कि निगम मंडल में नियुक्तियां लोकसभा चुनाव के बाद होंगी, लेकिन ये चुनाव भी पूरे हो गए और नियुक्तियों का सिलसिला शुरू नहीं हुआ। इसके बाद बारी आई उपचुनावों की। पर अब लगता है कि संगठनात्मक चुनाव खत्म होने के बाद ही निगम-मंडलों में नियुक्ति होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद प्रदेश के निगम-मंडल, प्राधिकरण व आयोगों में राजनीतिक नियुक्ति की बात से इसकी आस में बैठे नेताओं के चेहरे खिल गए हैं। ऐसे में जिन नेताओं ने संगठनात्मक चुनाव में और इसके पहले सदस्यता अभियान में अच्छा काम किया है, उनको जल्द ही निगम, मंडल, प्राधिकरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नियुक्ति मिल सकती है।

### तत्परता से पार्टी संगठन के काम में जुटे नेता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन में अच्छा काम करने पर निगम मंडलों में राजनीतिक नियुक्ति की बात कही थी। तभी से कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी संगठन के काम को करने में काफी रुचि लेने लगे थे। अब मुख्यमंत्री द्वारा संगठनात्मक चुनाव के बाद निगम, मंडलों में नियुक्ति किए जाने की बात से इन नेताओं को उम्मीद जागी है। खासकर वे नेता खासे उत्साहित हैं, जिन्होंने संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान में अच्छा काम किया है। कांग्रेस से भाजपा में आए कई ऐसे नेता जिन्होंने विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में पाला बदला था, वे भी इसी आस में है कि उनको किसी निगम, मंडल में एडजस्ट किया जाएगा। इसके लिए इन नेताओं ने चुनाव के दौरान भाजपा के प्रत्याशी के लिए काफी मेहनत भी की थी। प्रदेश में निगम-मंडलों के अलावा प्राधिकरण, आयोगों में नियुक्ति की जाती है, तो 100 से ज्यादा नेताओं को मौका मिल सकता है। क्योकि निगम-मंडलों में अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष के पद पर भी नियुक्ति की जाती रही है। वहीं, आयोग में अध्यक्ष के साथ सदस्य बनाए जाते है। जानकारी के मुताबिक राज्य सूचना आयोग में वर्तमान में मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा तीन आयुक्त है, जबकि यहां 10 आयुक्तों की नियुक्ति की जा सकती है। इस तरह आयोग में आयुक्त के 7 पद रिक्त हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार में कई बोर्ड का गठन किया था, जिनमें राजनीतिक नियुक्तियां की जाती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 सितंबर को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों की मांग पर बड़ा निर्णय लिया कि निगम, मंडलों का नेतृत्व प्रमुख सचिवों की जगह मंत्री करेंगे। यह व्यवस्था मंत्रियों के हाथ में रखने के लिए की गई थी, न कि अधिकारियों के हाथ में। इस संबंध में आदेश जारी होने के बाद मंत्रियों ने तत्काल अपने-अपने विभाग से जुड़े निगम, मंडलों में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया था।

# नर्मदा किनारे रोपे गए पौधों में से 50 प्रतिशत नष्ट

## 7 साल पहले नर्मदा कैचमेंट में रोपे गए थे 7.25 करोड़ पौधे

इंदौर। तकरीबन 7 साल पहले तत्कालीन शिवराज सरकार में नर्मदा नदी के किनारे 7.25 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इनमें से आधे पौधों ने दम तोड़ दिया है। पौधा रोपण के इस अभियान में वन विभाग के अलावा ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, वन विकास निगम और जन अभियान परिषद सहित सात अन्य विभागों ने पौधरोपण किया था। लेकिन उचित देखभाल के अभाव में 50 प्रतिशत पौधे नष्ट हो गए हैं।

गौरतलब है कि नर्मदा कैचमेंट एरिया में 2 जुलाई 2017 में अलग-अलग जिलों में एक ही दिन में सवा 7 करोड़ पौधे रोपे गए थे।

अब इनमें से कितने जीवित हैं इसका सत्यापन वन विभाग ने नहीं कराया है। इसकी कोई जानकारी भी विभाग के पास नहीं है। वन विभाग ने सिर्फ विभागीय योजनाओं के तहत रोपे गए 3.32 करोड़ पौधों की जीवितता का सत्यापन कराया है।

इनमें से भी 48.58 प्रतिशत पौधे मर गए और केवल 51.42 प्रतिशत जीवित बचे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायक मधु भगत के प्रश्न पर वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि 2 जुलाई 2017 को तत्कालीन सीएम ने नर्मदा कैचमेंट में एक ही दिन में सवा सात करोड़ पौधे रोपने का दावा किया था।

### आधे पौधे ही जीवित बचे

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायक मधु भगत के प्रश्न पर वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश में जितने पौधे रोपे गए हैं, उसमें से आधे ही जीवित हैं।

वन विभाग के अनुसार 2 जुलाई 2017 को कुल रोपित पौधों की संख्या 33237026 हैं। इनमें से जीवित पौधों की संख्या 17093717 और मृत पौधों की संख्या 15320594 है। वहीं कैम्पा फंड से रोपित पौधे 7492958, विभागीय मद से 25050213 और योजनाओं से 693855 पौधे रोपे गए।

# दूसरे ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में पैदा न हों, मैं बीजेपी और संघ के लिए कोरोना वायरस - दिग्विजय सिंह

इन्दौर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने खुद को भाजपा तथा संघ के लिए कोरोना वायरस बताते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशों में मस्जिदों में जाकर टोपी पहनते हैं और सम्मान लेते हैं, लेकिन भारत में आकर हिंदुत्व की बात करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लेते और गोधरा कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी दंगा-फसाद रोकने में नाकाम रहे थे। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उन पर राजधर्म का पालन न करने का आरोप लगाया था।

बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री कल देर रात इन्दौर पहुंचे थे। और उन्होंने अपने चिरपरिचित चर्चाओं में बने रहने के अंदाज में कई टिप्पणीयां करते अपना टिप्पणियों का पिटारा खोल दिया। दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसते हुए कहा है कि, हे प्रभु ! हे महाकाल ! दूसरे ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में पैदा न हों। वहीं मायावती के बाबा साहेब को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि बाबा साहेब किसी एक व्यक्ति की प्रॉपर्टी नहीं हैं। उन्होंने वंचित वर्ग और महिलाओं को आगे लाने का मार्ग प्रशस्त किया। वे सबके हैं और उनके विचार सभी के लिए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा उन्हें कांग्रेस का कोरोना कहे जाने पर कहा कि हां, मैं भाजपा और संघ के लिए कोरोना वायरस ही हूं। उन्होंने सिलावट पर सवाल उठाते हुए कहा, तुलसी सिलावट का इतना बड़ा धंधा कहां से आया? इतना पैसा कहां से आया? यह उनसे पूछा जाना चाहिए।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com